21.08.2024 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 02.10pm

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री पोलैंड-यूक्रेन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोलैंड और युक्रेन के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आज सुबह इन देशों की यात्रा पर रवाना हुए। प्रधानमंत्री आज शाम पोलैंड पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड लोकतंत्र, बहुलवाद तथा दोनों देशों के सम्बन्धों को मजबूत बनाने के प्रति वचनबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे राष्ट्रपति व्लोदोमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन की यात्रा पर जायेंगे और यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा करेंगे।

राज्यसभा नामांकन

राज्यसभा उपचुनाव में प्रदेश से भाजपा उम्मीदवार जॉर्ज कुरियन ने आज भोपाल में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य नेता भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री श्री कुरियन ने नामांकन के पहले भाजपा वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के पितृपुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री कुरियन के उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा नेतृत्व का आभार माना है।

भाजपा बैठक

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की आज भोपाल में बैठक हो रही है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व-2024 के अंतर्गत सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का शुभारंभ भी किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव , भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्जवलित कर इसका शुभारंभ किया। बैठक में प्रदेश कोर ग्रुप, संभाग

प्रभारी, सांसद ,विधायक, जिला प्रभारी, अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश स्तर के नेता मौजूद है। आने वाले समय में पार्टी 64 हजार 871 मंडलों में कार्यशाला करेगी। 31 अगस्त को सभी बूथों पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में अब तक इस सीजन का 78 प्रतिशत यानी 29 इंच पानी गिर चुका है। इस बार जुलाई में सबसे ज्यादा पानी बरसा है। आज भी इंदौर, उज्जैन समेत 12 जिलों में तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार लो प्रेशर एरिया के सक्रिय होने से 23 - 24 अगस्त को पूरे प्रदेश में बारिश हो सकती है। इन दोनों दिन प्रदेश के 26 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इस बीच शहडोल जिले में बारिश का दौर जारी है। आज दोपहर से तेज बारिश हो रही है। जिले में अब तक 755 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। जिले के प्रमुख बाणसागर बांध का जलस्तर क्षमता के करीब पहुंच गया है।

<u>विराट स्मृति समारोह</u>

आज इंदौर में चन्द्रसेन विराट स्मृति समारोह आयोजित किया जा रहा है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह, तक्षशिला परिसर में 'व्याख्यान एवं रचनापाठ' होगा। साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद् और संस्कृति विभाग द्वारा इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

<u>समाचार संक्षेप</u> में ...

- नर्मदापुरम जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 27 अगस्त को स्थानीय शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजन कर रहा है।
- खण्डवा में कल कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।
- आगरमालवा में कल आयोजित हुए अक्षय ऊर्जा दिवस पर विभिन्न वक्ताओं ने ऊर्जा के परंपरागत एवं गैर परंपरागत स्रोतों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि किस तरह से सतत पोषणीय विकास को हासिल करने में हम गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों का इस्तेमाल कर सकते हैं ।
- पन्ना कलेक्टर की अध्यक्षता में कल कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और व्यवस्थित व सुगम यातायात के दृष्टिगत आवश्यक चर्चा की गई।